**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 772**

**04 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिये जाने के लिए**

**दिल्ली विकास प्राधिकरण की वर्तमान वित्तीय देनदारियाँ**

**772. श्री सप्तगिरी शंकर उलाकाः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पाँच वर्षों के दौरान दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की वर्तमान वित्तीय देनदारियाँ और उनकी प्रकृति क्या है;

(ख) क्या कुप्रबंधन या प्रशासनिक अक्षमता ने डीडीए की वर्तमान देनदारियों में योगदान दिया है और क्या इस संबंध में कोई जाँच शुरू की गई है और जवाबदेही तय की गई है और यदि हाँ, तो इसका ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पाँच वर्षों के दौरान निर्माणाधीन, पूरे हो चुके, बिक चुके और बिना बिके इकाइयों सहित डीडीए फ्लैटों की श्रेणी-वार (एचआईजी, एमआईजी, एलआईजी, ईडब्ल्यूएस) और वर्ष-वार सूची क्या है;

(घ) इन फ्लैटों का निर्माण शुरू होने के वर्ष, पूरा होने के वर्ष और आवंटियों को कब्ज़ा सौंपने के वर्ष का श्रेणी-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) विगत पाँच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान विभिन्न डीडीए स्थानों पर किए गए या प्रस्तावित रखरखाव और मरम्मत कार्यों का ब्यौरा क्या है, जिसमें ऐसे कार्यों की स्थिति, अनुमानित और वास्तविक लागत और पूरा होने की समय-सीमा शामिल है?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री तोखन साहू)**

(क) और (ख): डीडीए द्वारा उपलब्ध करवाई गई जानकारी के अनुसार, पिछले पाँच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की मौजूदा वित्तीय देनदारियों के साथ-साथ उनकी प्रकृति का ब्यौरा अनुलग्नक 'क' में दिया गया है। डीडीए ने बताया है कि डीडीए की

सभी देनदारियों का भुगतान समय पर किया जा रहा है और डीडीए में ठीक से प्रबन्धन न करने का  या प्रशासनिक अकुशलता संबंधी कोई मामला सामने नहीं आया है।

(ग) और (घ) डीडीए द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पूर्ण, निर्माणाधीन, प्रारंभ वर्ष और पूर्ण वर्ष को दर्शाने वाला ब्यौरा डीडीए फ्लैट्स की इन्वेंट्री का स्थान-वार और श्रेणी-वार विवरण अनुलग्नक 'ख' में दिया गया है। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 2021-22 के बाद, वर्ष-वार, कुल 26007 फ्लैट्स बेचे गए:

| वित्तीय वर्ष | बेचे गए फ्लैटों की संख्या |
|---|---|
| 2021-22 | 333 |
| 2022-23 | 2511 |
| 2023-24 | 7842 |
| 2024-25 | 8538 |
| 2025-26 (01.12.2025 तक) | 6783 |
| कुल | 26007 |

डीडीए ने बताया है कि डीडीए की पुरानी और नई इन्वेंट्री का निस्तारण विभिन्न योजनाओं जैसे 'पहले आओ पहले पाओ' (एफसीएफएस) और ई-नीलामी के आधार पर किया जा रहा है। डीडीए की विभिन्न श्रेणी के फ्लैट्स के निस्तारण/आवंटन के लिए डीडीए द्वारा शुरू की गई मुख्य योजनाएं नीचे दी गई हैं:

- डीडीए ने 12072 फ्लैट्स के निस्तारण के लिए आवासीय योजना 2017 शुरू की।
- डीडीए ने विभिन्न श्रेणियों के 17922 फ्लैट्स अर्थात 7496 ईडब्ल्यूएस, 8383 एलआईजी, 1535 एमआईजी और 488 एचआईजी के आवंटन के लिए “डीडीए हाउसिंग स्कीम 2019” शुरू की, इसके साथ ही सिर्फ़ सब्सिडी का लाभों के लिए फ्लैट्स को पीएमएवाई (यू) स्कीम के तहत जोड़ा।
- डीडीए ने 1354 फ्लैटों, विभिन्न श्रेणियों के 1191 फ्लैट (276 ईडब्ल्यूएस, 700 एमआईजी, 215 एचआईजी) और पुरानी इन्वेंटरी के 163 फ्लैट के आवंटन के लिए “डीडीए हाउसिंग योजना 2021” शुरू की।

 डीडीए ने दवारका, लोकनायकपुरम और नरेला में पहले आओ पहले पाओ (एफसीएफएस) और ई-नीलामी के आधार पर 30000 से अधिक नवनिर्मित फ्लैटों के आवंटन के लिए “दिवाली विशेष आवास योजना 2023” शुरू की।

(ङ) डीडीए द्वारा प्रस्तुत, 2021-22 से रखरखाव कार्यों/शुरू किए गए मरम्मत कार्यों/प्रस्तावित कार्यों और किए गए खर्च का वर्ष-वार ब्यौरा निम्नलिखित है::

| वित्तीय वर्ष | मरम्मत कार्य / रखरखाव के कार्यों के लिए किया गया बजटीय प्रावधान (लाख में) | किया गया व्यय (लाख में) |
|---|---|---|
| 2021-22 | रु. 254.80 | रु. 210.00 |
| 2022-23 | रु. 1240.18 | रु. 789.85 |
| 2023-24 | रु. 6202.51 | रु. 3694.17 |
| 2024-25 | रु. 8294.90 | रु. 8158.41 |
| 2025-26 (आज तक) | रु. 4226.29 | रु. 4688.53 |

* * *

अनुलग्नक 'क'

<u>दिल्ली विकास प्राधिकरण **(डीडीए)** की पिछले पाँच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान मौजूदा वित्तीय देनदारियों और उनकी प्रकृति का ब्यौरा</u>

(करोड़ों में)

| **क्र.सं.** | **विवरण** | **प्रकृति** | **31 मार्च, 2025 तक** | **31 मार्च, 2024 तक** | **31 मार्च, 2023 तक** | **31 मार्च, 2022 तक** | **31 मार्च, 2021 तक** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विविध लेनदार | दिन-प्रतिदिन का व्यय | 976.35 | 1,815.55 | 80.50 | 235.35 | 613.88 |
| 2. | सेवानिवृत्ति ट्रस्ट में योगदान | कर्मचारी से संबंधित | 3633.50 | 3,378.71 | 2,110.67 | 1,773.12 | 1,427.30 |
| 3. | सांविधिक देनदारियां | इनकम टैक्स/जीएसटी इत्यादि। | 159.94 | 152.17 | 94.74 | 82.65 | 60.00 |
| 4. | नाज़ुल II को ऋण | सामान्य विकास खाता के तहत नकद घाटे को पूरा करने के लिए नाज़ुल खाता- II से उधार लेना। यह असल में इंट्रा अकाउंट उधारी को दर्शाता है। | 10,723.33 | 10,106.19 | 9,623.64 | 8,914.56 | 7,308.29 |
| 5. | अन्य देनदारियां | विभिन्न हाउसिंग स्कीम के लिए ईएमडी/रजिस्ट्रेशन इत्यादि के रिफंड से संबंधित | 1,494.86 | 2,849.92 | 869.24 | 1,124.81 | 1,236.33 |
| | कुल | | 16,987.98 | 18,302.54 | 12,778.79 | 12,130.49 | 10,645.81 |

**अनुलग्नक - ख**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | |
| आवास परियोजना के चल रहे \ पूर्ण कार्यों की स्थिति | | | | | | | | | | |
| क्र.सं. | क्षेत्र | स्थान | एसएफएस/ एचआईजी | एमआईजी | एल आई जी | ईडब्ल्यूएस/1-बीएचके/ 1-आरके | कुल | कार्य शुरु करने का वर्ष | कार्य पूरा करने का वर्ष | टिप्पणी |
| 1 | परियोजना पूर्ण | क) पॉकेट 1,3,4,5,6 सेक्टर जी-2, जी-6, नरेला पर | 0 | 0 | 7913 | 1693 | 9606 | 2013 | 2017 | |
| | | ख) नरेला ग्रुप पर वैकल्पिक साइट I (पॉकेट 6 और 7) सेक्टर जी7 और जी -8 | 0 | 0 | 5256 | 1160 | 6416 | 2013 | 2020 | |
| | | ग) नरेला ग्रुप पर वैकल्पिक साइट II , पॉकेट 11 सेक्टर जी7- जी8 | 0 | 0 | 6511 | 1420 | 7931 | 2013 | 2020 | |
| | | घ) पॉकेट 4 और 5 सेक्टर जी-7 और जी8, नरेला, | 0 | 0 | 0 | 860 | 860 | 2013 | 2017 | |
| | | ड.) सेक्टर ए1 से ए4 नरेला पर पॉकेट-7 | 192 | 328 | 0 | 200 | 720 | 2015 | 2023 | |
| | | च) क्षेत्र ए 1 से ए4 नरेला पर पॉकेट-3 | 368 | 648 | 0 | 384 | 1400 | 2015 | 2024 | |
| | | छ) सेक्टर ए1 से ए4 नरेला पर पॉकेट-6 | 225 | 420 | 0 | 250 | 895 | 2015 | 2024 | |
| | | ज) सेक्टर ए1 से ए4 नरेला पर पॉकेट-14 | 272 | 488 | 0 | 296 | 1056 | 2015 | 2024 | |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | झ ) सेक्टर ए1 से ए4 नरेला पर पॉकेट-4 | 352 | 512 | 0 | 320 | 1184 | 2015 | 2024 | |
| | | ञ) पॉकेट - ई लोक नायक पुरम | 0 | 647 | 0 | 224 | 871 | 2016 | 2022 | |
| | | ट) सेक्टर -14 द्वारका पीएच- II | 0 | 316 | 316 | 1008 | 1640 | 2016 | 2024 | |
| | | ठ) सेक्टर ए 1 से ए4 नरेला पर पॉकेट-13 | 352 | 776 | 0 | 424 | 1552 | 2015 | 2024 | |
| | | ड) सेक्टर ए 1 से ए4 नरेला पर पॉकेट-9 | 272 | 576 | 0 | 320 | 1168 | 2015 | 2024 | |
| | | ढ) सेक्टर ए 1 से ए4 नरेला पर पॉकेट-11 | 900 | 1750 | 0 | 1016 | 3666 | 2015 | 2025 | |
| | | ओ) सेक्टर -19बी द्वारका, पीएच- II | 1130 | 0 | 0 | 728 | 1858 | 2014 | 2025 | |
| | | कुल (क) | 4063 | 6461 | 19996 | 10303 | 40823 | | | |
| 2 | पूर्व | i) कड़कड़डूमा | 0 | 1026 | 0 | 498 | 0 | 2021 | 2026(टीडीओसी) | एनबीसीसी को काम सौंपा गया है |
| | | कुल (ख) | 0 | 1026 | 0 | 498 | 1524 | | | |
| | | कुल योग (क+ख) | 4063 | 7487 | 19996 | 10801 | 42347 | | | |

***बीएचके-बेडरूम-हॉल-किचन ** आरके-रूम-किचन**